सं.16015/1/2022-पीएमआई
भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग
*****

शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 24 नवम्बर, 2023

कार्यालय ज्ञापन

विषय: मंत्रिमंडल के लिए माह अक्टूबर, 2023 के मासिक सार के संबंध में।

अधोहस्ताक्षरी को माह अक्टूबर, 2023 के संबंध में उर्वरक विभाग का मासिक सार एतदद्वारा सूचनार्थ परिचालित करने का निदेश हुआ है।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

(अनिल फुलवारी)
निदेशक (पीएमआई)
दूरभाष: 011-23389839

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य

प्रतिलिपि:

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव
2. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली-110004
3. सचिव (उर्वरक) के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
4. अनुभाग अधिकारी (आईटी) को इसे उर्वरक विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

विषय: माह अक्टूबर, 2023 के संबंध में उर्वरक विभाग का मासिक सार।

1. माह के दौरान समग्र उत्पादन निष्पादन:

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

उत्पाद का नाम	माह के दौरान उत्पादन	इस माह तक संचयी उत्पादन
यूरिया	28.46	181.16
डीएपी	3.73	27.02
अमोनियम सल्फेट (ए/एस)	0.46	3.55
मिश्रित उर्वरक	7.56	56.43
सिंगल सुपर फॉस्फेट	3.88	29.64

स्रोत: dbtfert.nic.in 06.11.2023 की स्थिति के अनुसार

2. माह के दौरान उर्वरकों की आकलित आवश्यकता, उपलब्धता और बिक्री:

(आंकड़े 'लाख मी.टन' में)

उत्पाद का नाम	आकलित आवश्यकता	उपलब्धता	बिक्री
यूरिया	37.46	81.21	23.68
डीएपी	18.46	31.33	13.64
एमओपी	3.11	7.18	1.59
एनपीके	15.78	43.37	9.80

आंकड़ों का स्रोत डैशबोर्ड है।

3. माह के दौरान आयातित तैयार उर्वरकों का ब्यौरा:

उत्पाद का नाम	मात्रा 'लाख मी.टन' में
यूरिया	15.33
कृषि उपयोग हेतु एमओपी	2.76
डीएपी	5.15
एनपीके	1.21

4. अक्टूबर 2023 के दौरान तलचर उर्वरक परियोजनाओं की वृद्धिशील प्रगति।

(क) <u>तलचर इकाई का पुनरुद्धार</u>

भारत सरकार ने ओडिशा के अंगुल जिले में स्थित मेसर्स एफसीआईएल की तलचर इकाई के पुनरुद्धार को अधिदेशित किया है। तदनुसार, 12.7 एलएमटीपीए क्षमता के कोयला गैसीकरण-आधारित अमोनिया यूरिया संयंत्र की स्थापना के लिए तलचर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (टीएफएल) नामक एक संयुक्त उद्यम कंपनी निगमित की गई है, जो भारत में अपनी तरह का पहला उद्यम है। इस संयंत्र की आधारशिला माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 17 फरवरी, 2019 को रखी गई थी। टीएफएल में गेल, आरसीएफ और सीआईएल प्रत्येक की साम्या 31.85% है और एफसीआईएल की साम्या 4.45% है। उर्वरक विभाग द्वारा परियोजना कार्यकलापों की नियमित निगरानी की जा रही है। टीएफएल परियोजना की समग्र प्रगति इस प्रकार है:-

क)	सितम्बर, 2023 तक परियोजना की समग्र प्रगति	:	51.03%
ख)	अक्टूबर, 2023 के दौरान वृद्धिशील प्रगति	:	0.86%
ग)	अक्टूबर, 2023 तक समग्र प्रगति	:	51.89%

2. माह अक्टूबर, 2023 के दौरान प्रमुख कार्यकलाप और उपलब्धियां निम्नलिखित हैं:-

i. 20.10.2023 को चीन से मेसर्स जेडसीएम द्वारा कोयला गैसीकरण-शुद्धिकरण खंड के 19 प्रमुख उपकरण भेजे गए।

ii. दो बॉयलरों की बॉयलर चिमनियों के निर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया है। प्रिलिंग टॉवर 15 मीटर तक बनाया गया है।

iii. 16.10.2023 को मेसर्स एयर ऑयल को फ्लेयर स्टैक प्रणाली के लिए संविदा प्रदान की गयी।

iv. रेलवे साइडिंग का प्रारंभिक कार्य (मृदा परीक्षण, स्थल सर्वेक्षण आदि) शुरू हो गया है।

v. टीएफएल के अधिकारियों ने 36" वॉटर पाइपलाइन कॉरिडोर के लिए एनएचएआई, रेलवे और सिंचाई विभाग से मंजूरी से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए प्रधान सचिव-उद्योग ओडिशा सरकार के साथ बैठक की। प्रमुख सचिव-उद्योग ने सभी संबंधितों को प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

vi. वर्ष 2013 के एक परिपत्र के आधार पर एफसीआईएल को भूमि को उप-पट्टे पर देने पर स्टाम्प शुल्क से छूट देने संबंधी मामले को ओडिशा सरकार के साथ उठाया गया है।

vii. मेसर्स वुहान इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड, (डब्ल्यूईसीएल) के साथ विभिन्न मुद्दों को हल करने के लिए टीएफएल की शीर्ष प्रबंधन टीम ने 18.10.2023 को चीन का दौरा किया।

5. व्यय की स्थिति:

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 179065.62 करोड़ रुपए के कुल उपलब्ध बजट अनुमान की तुलना में अक्टूबर, 2023 के दौरान उर्वरक राजसहायता के प्रशासन पर 10277.05 करोड़ रुपये (यूरिया: 9162.47 करोड़ रुपये तथा पीएंडके: 1114.58 करोड़ रुपये) का व्यय हुआ। अप्रैल 2023 से अक्टूबर 2023 के दौरान 122975.63 करोड़ रुपये (यूरिया: 79660.35 करोड़ रुपये और पीएंडके: 43315.28 करोड़ रुपये) अर्थात कुल आवंटन के लगभग 68.68% का क्रमिक व्यय हुआ।

****